कोयला मंत्रालय की राज्य मंत्री (श्रीमति कान्ति सिंह): सभापति महोदय, आज मेरा राज्य सभा में पहला दिन है मिनिस्टर के रूप में। इसलिए मैं चाहूंगी कि हमारे जितने माननीय सांसद गण हैं, मुझे सही तरह से, पूरी तरह से सहयोग करने का कष्ट करेंगे।

श्री सुशील कुमार संभाजीराव शिन्दे: आप भी सहयोग करिए। ...(व्यवधान)...

साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लि॰ द्वारा कोयले का उत्पादन और निर्यात

*48. श्री अजीत जोगी: क्या कोयला मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) वर्ष 1995-96 के दौरान साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लि॰ के विभिन्न कोयला क्षेत्रों द्वारा कितने कोयले का उत्पादन किया गया और यहां से कितने कोयले का निर्यात किया गया;

(ख) क्या सरकार ने इन कोयला क्षेत्रों के उत्पादन और निर्यात किए जाने वाले कोयले की मात्रा को बढ़ाने के लिए कोई कदम उठाये हैं;

(ग) यदि हां, तो कंपनी द्वारा आठवीं पंचवर्षीय योजना अवधि के दौरान कितनी प्रगति की गई है; और

(घ) क्या इस कंपनी से बड़ी मात्रा में कोयला चोरी होने की शिकायतें प्राप्त हुई हैं; यदि हां, तो ऐसे कितने मामले अब तक प्रकाशन में आए, उन पर क्या कार्यवाही की गई और भविष्य में कोयले की चोरी के प्रकरणों को रोकने के लिए क्या कदम उठाए जा रहे हैं?

कोयला मंत्रालय की राज्य मंत्री (श्रीमती कांति सिंह): (क) साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लि॰ द्वारा वर्ष 1995-96 के दौरान कुल 53.17 मिलियन टन कोयले का उत्पादन किया गया है। साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लि॰ से वर्ष 1995-96 के दौरान कोयले का कोई निर्यात नहीं किया गया है।

(ख) साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लि॰ में कोयले के उत्पादन में वृद्धि किए जाने के संबंध में विभिन्न कदम उठाए गए हैं। इनमें निम्नलिखित कदम शामिल हैं— नयी खानों का खोला जाना, विद्यमान खानों का आधुनिकीकरण किया जाना और श्रमिकों तथा मशीनरी की उत्पादकता में सुधार करके विद्यमान खानों के उत्पादन में वृद्धि किया जाना। ऐसे ग्रेड के कोयले की उपलब्धता जिसकी कि साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लि॰ से निर्यात किए जाने की संभावना है, वह कंपनी के अपने संयोजित उपभोक्ताओं की मांग को पूरा किए जाने के लिए ही पर्याप्त है। अत: साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लि॰ के स्त्रोतों से निर्यात किए जाने हेतु कोयला शेष नहीं बचता है। इसी तरह साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लि॰ से कोयले का निर्यात किया जाना संभावित निर्यात दूरी के कारण इसके परिवहन की उच्च लागत को दृष्टिगत रखते हुए यह मितव्ययी नहीं होगा। अत: साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लि॰ ने अपने कोयले का निर्यात किए जाने के लिए कोई कदम नहीं उठाए हैं।

(ग) गत वर्षों में साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लि॰ में कोयले के उत्पादन में लगातार वृद्धि हुई है। आठवीं पंचवर्षीय योजना के प्रथम चार वर्षों के दौरान साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लि॰ में हुए उत्पादन को नीचे दर्शाया गया है:-

(आंकड़े मिलियन टन में)

वर्ष	उत्पादन
1992-93	46.03
1993-94	47.53
1994-95	50.00
1995-96	53.17 (अनंतिम)

(घ) कोल इंडिया लि॰ से प्राप्त सूचना के अनुसार साउथ ईस्टर्न कोलफील्ड्स लि॰ से कोयले की ऐसी चोरी होने के संबंध में कंपनी को कोई सूचना प्राप्त नहीं हुई है।

श्री अजीत जोगी: सभापति महोदय, मैं केवल मंत्री महोदय ने जो उत्तर दिया है, उसके "डी" भाग की ओर उनका ध्यान आकर्षित करके प्रश्न पूछना चाहूंगा। मंत्री महोदय ने कहा है कि कोयले की चोरी की कोई शिकायत उन्हें नहीं मिली है, यह पूर्णत: गलत बात है। मैंने स्वत: लगभग दो साल पहले सोहागपुर एरिया में कोयले की चोरी की शिकायतें की थीं ...(व्यवधान)...

कृषि मंत्री (श्री चतुरानन मिश्र): दो साल पहले ये नहीं थीं, अभी आई हैं। ...(व्यवधान)...

श्री अजीत जोगी: उसका भी पूछा है हमने, उसका पूछा है। ...(व्यवधान)...

कई माननीय सदस्य: कृषि मंत्री बीच में क्यों आ रहे हैं? ...(व्यवधान)...

श्री अजीत जोगी: मैं यह जानना चाहूंगा कि यह जो कोयले की चोरी की शिकायतें की गई हैं ...(व्यवधान)... मंत्रालय ने उनको गलत सूचना दी है, इसकी क्या वे इंक्वायरी कराएंगी? ...(व्यवधान)...

SHRI SATISH AGARWAL: Sir, the Question Hour is over.

MR. CHAIRMAN: The Question Hour is over.

WRITTEN ANSWERS TO QUESTION

Composition of the Indian contingent for the Atlanta Olympics

*42. SHRI ASHOK MITRA: Will the Minister of HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT be pleased to state:

(a) the number of athletes proposed to be sent from the country to the Olympic Games at Alt ant a and the distribution of this number in terms of events to be participated in:

(b) the number of officials accompanying the participants; and

(c) the total grant from Government for covering the travelling and other expenses of the Olympic contigent?

THE MINISTER OF HUMAN RESOURCE DEVELOPMENT (SHRI S.R. BOMMAI): (a) and (b) The Government has cleared 33 Sportspersons and 13 Officials as per details given below:

	Sports Persons	Officials
1. Archery	1	1
2. Badminton	2	
3. Boxing	3	1 4
4. Hockey	16	1
5. Judo	3	
6. Shooting	2 2	*2*
7. Table Tennis		
8. Tennis	2	-
9. Weightlifting 10.	2	1
IOA Officials		3
	33	13

(c) It is estimated that the total expenditure on travelling and other expenses of the Olympic Contigent shall be about Rs. 31.27 lakhs.

सरकारी कर्मचारियों के लिये मकानों का निमार्ण

***43. श्री मोहिन्दर सिंह कल्याण: क्या शहरी कार्य और रोजगार मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:**

(क) क्या सरकार ने सरकारी कर्मचारियों के लिये मकानों का निर्माण करने हेतु कोई राष्ट्रीय-नीति बनायी है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) यदि नहीं, तो इसके क्या कारण हैं और

(घ) गत पांच वर्षों के दौरान केन्द्रीय सरकार के कर्मचारियों के लिये बनाये गये मकानों का श्रेणी-वार तथा टाइप-वार ब्यौरा क्या है?

शहरी कार्य और रोजगार मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा० कू० वैंकटस्वरलू): (क) से (ग) 1994 की राष्ट्रीय आवास नीति में केन्द्र सरकार के कर्मचारियों के लिये मकान बनाने हेतु कोई अलग प्रावधान नहीं है। तथापि, कल्याणकारी उपाय के रूप में, केन्द्र सरकार अपने कर्मचारियों के लिए मकानों का निर्माण करती आ रही है। मकान निर्माण स्कीमें साल-दर-साल धन सुलभ होने के आधार पर बनाई तथा मंजूर की जाती हैं। राष्ट्रीय आवास नीति में सरकार की भूमिका "प्रदाता" या "निर्माता" की बजाय मददगार की रखी गई है।

(घ) गत पांच वर्षों के दौरान निर्मित श्रेणी-वार तथा टाइप-वार मकानों के ब्यौरे इस प्रकार है:

क्रम सं०	वर्ष	टाइप I	II	III	IV	V
1.	1991-92	174	336	22	256	21
2.	1992-93	245	776	852	134	24
3.	1993-94	450	1000	972	124	29
4.	1994-95	256	40	349	112	28
5.	1995-96	92	128	128	112	-

पात्रता:

टाइप I— वेतन प्रति माह रु० 950/- से कम

टाइप II — वेतन प्रति माह रु० 950/- से 1499/- के बीच

टाइप III — वेतन प्रति माह रु० 1500/- से 2799/- के बीच

टाइप IV— वेतन प्रति माह रु० 2800/- से 3599/ के बीच

टाइप V—(डी-II) वेतन प्रति माह रु० 3600/- से 4499/- के बीच